TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

01 अक्टूबर 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

सफलता पाने के लिए प्रतिभा से अधिक जरूरी है निरंतर प्रयास और धैर्य।

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **01.10.2026**

## स्तर शिक्षण

स्तर शिक्षण वह शिक्षण प्रक्रिया है जिसमें विद्यार्थियों की क्षमता, ज्ञान, समझ और सीखने की गति के स्तर को ध्यान में रखकर उन्हें उपयुक्त तरीके से पढ़ाया जाता है। जब एक कक्षा में बच्चों का सीखने का स्तर अलग-अलग होता है, तो शिक्षक उनकी आवश्यकता के अनुसार अलग-अलग स्तर की गतिविधियाँ, उदाहरण और अभ्यास कराता है। इसे स्तर शिक्षण कहते हैं। प्रत्येक बच्चे को उसके वर्तमान स्तर से आगे सीखने में सहायता देना।

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



यह जानकर आप दंग रह जाएंगे कि केदारनाथ मंदिर का निर्माण बिना किसी कील या सीमेंट के हुआ है! इसमें सिर्फ बड़े-बड़े पत्थरों को इस तरह से आपस में जोड़ा गया है कि वे इतने सालों से हिमालय के भीषण मौसम को झेल रहे हैं। यह अपने आप में 1,200 से अधिक साल पुरानी वास्तुकला का बेजोड़ उदाहरण है।


विज्ञान प्रतियोगिता
ज्ञान से ही बनता है भविष्य!
सोचो, समझो और सही उत्तर चुनो!
प्रश्न: समस्थानिक में समान होता है-
A द्रव्यमान संख्या
B परमाणु क्रमांक
C न्यूट्रॉन संख्या
D परमाणु द्रव्यमान
समस्थानिक (Isotopes)
$^{12}_{6}C$ कार्बन-12
$^{13}_{6}C$ कार्बन-13
$^{14}_{6}C$ कार्बन-14
समस्थानिकों में प्रोटॉनों की संख्या समान होती है, केवल न्यूट्रॉनों की संख्या अलग होती है!
हर दिन कुछ नया सीखें, विज्ञान को समझें, और देश का नाम रोशन करें!
Anupriya
www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
The change makers

## दिवस विशेष

## 1 अक्टूबर

मधु प्रिया

# अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस

सम्मान • सुरक्षा • सेवा • सहयोग

“वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की जड़ें हैं, जिनके अनुभवों से भविष्य मजबूत होता है।”

उनके अनुभव हमारी धरोहर, उनका सम्मान हमारी संस्कृति

आइए, अपने अनुभवों और मुस्कान से समाज को समृद्ध बनाएं।



## इस दिन का उद्देश्य

वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, सुरक्षा, कल्याण और उनके योगदान के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरूकता बढ़ाना, तथा समाज में उनके सम्मान और सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना।

## वरिष्ठ नागरिकों का महत्व

- ये हमारे परिवार और समाज की नींव हैं।
- इनके अनुभव से नई पीढ़ी को मार्गदर्शन मिलता हैं।
- ये संस्कार, धैर्य और जीवन के मूल्य सिखाते हैं।
- उनका योगदान राष्ट्र के विकास में अमूल्य हैं।

## वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार

| स्वास्थ्य का अधिकार | सुरक्षा का अधिकार | सम्मान का अधिकार | सामाजिक भागीदारी का अधिकार | आर्थिक सुरक्षा का अधिकार |
|---|---|---|---|---|
| उचित चिकित्सा सुविधा, मानसिक स्वास्थ्य और सक्रिय जीवनशैली। | हिंसा, उपेक्षा, शोषण और दुर्व्यवहार से सुरक्षा। | हर निर्णय में सम्मान और गरिमा। | सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक गतिधिधियों में सहभागिता। | पेंशन, बीमा, वित्तीय सहायता और सुरक्षित जीवन। |

## हम क्या कर सकते हैं?

- माता-पिता और दादा-दादी का सम्मान करें।
- उनकी बातों को ध्यान से सुनें।
- उन्हें भावनात्मक सहयोग दें।
- उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखें।
- समाज में उनके अनुभवों को साझा करने के अवसर दें।

## स्वस्थ और खुशहाल वृद्धावस्था के लिए

- नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं।
- संतुलित आहार लें।
- शारीरिक और मानसिक रूप से सक्रिय रहें।
- परिवार और समाज से जुड़े रहें।
- सकारात्मक सोच और खुश रहें।

“वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान सिर्फ एक दिन का नहीं, जीवन भर का संकल्प हैं!’

सशक्त वरिष्ठ समृद्ध समाज

# Teachers of Bihar

**The change makers**

01 अक्टूबर

# 1 अक्टूबर की महत्वपूर्ण घटनाएँ

मधु प्रिया

## 1 अक्टूबर की महत्वपूर्ण घटनाएँ

> भारत में वरिष्ठ नागरिक दिवस

- **1854** • भारत में डाक टिकट का प्रचलन आरंभ हुआ। टिकट पर महारानी विक्टोरिया का सिर और भारत बना होता था। इसकी कीमत आधा आना (1/32 रुपये) थी।
- **1919** • हन्टर समिति की स्थापना ब्रिटिश सरकार द्वारा 1 अक्टूबर, 1919 ई. को की गई थी।
- **1949** • चीन में कम्युनिस्ट पार्टी के शासन की शुरुआत हुई।
- **1949** • जनरल माओ-त्से-तुंग द्वारा चीन जनवादी गणराज्य (पीपुल्स रिपब्लिक आफ चाइना) की घोषणा।
- **1953** • आंध्र प्रदेश अलग राज्य बना।
- **1960** • नाइजीरिया यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्र हुआ।
- **1967** • भारतीय पर्यटन विकास निगम की स्थापना हुई।
- **1978** • लड़कियों की शादी की उम्र को 14 से बढ़ा कर 18 और लड़कों का 18 से बढ़ा कर 21 वर्ष किया गया।
- **1996** • अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन द्वारा पश्चिम एशिया शिखर सम्मेलन का उद्घाटन।
- **1998** • श्रीलंका में किलिनोंच्ची एवं मानकुलम शहरों पर कब्जे के लिए सेना एवं लिट्टे उग्रवादियों के बीच हुए संघर्ष में 1300 लोगों की मृत्यु।
- **2000** • सिडनी में 27वें ओलम्पिक खेल सम्पन्न।
- **2002** • एशियाड खेलों में स्नूकर प्रतिस्पर्द्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ।
- **2003** • नदियों को जोड़ने के सम्बन्ध में बांग्लादेश की आशंकाओं को भारत ने दूर किया।
- **2004** • इजरायली प्रधानमंत्री एरियल शैरोन के मंत्रिमंडल ने गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर सैनिक कार्रवाई की योजना को मंजुरी दी।
- **2005** • इंडोनेशिया के बाली में हुए बम विस्फोट में 40 लोगों की मृत्यु।
- **2006** • इजरायल ने लेबनान से अपनी सेना की आखिरी टुकड़ी को भी वापस बुलाया।
- **2007** • जापान ने उत्तर कोरिया के खिलाफ प्रतिबन्धों को अगले छः महीनों तक बढ़ाने की घोषणा की।
- **2008** • आतंकवादियों ने त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में बम ब्लास्ट किया।
- **2015** • ग्वाटेमाला के संता काटरीना पिनुला में भारी बारिश और भूस्खलन से 280 लोगों की मौत।






## 1 अक्टूबर को जन्मे व्यक्ति

- **2001** • मनीष नरवाल - भारत के पैरा निशानेबाज हैं।
- **1995** • गुरुदीप सिंह - भारतीय भारोतोलक (वेटलिफ्टर) हैं।
- **1964** • तापिर गाओ - अरुणाचल प्रदेश से भारतीय जनता पारटी के राजनेता हैं।
- **1961** • डॉ. सुकमा आचार्य- रोहतक जिले के रुड़की गांव के 'विश्ववारा कन्या गुरुकुल' की प्राचार्या हैं।
- **1842** • एस, सुब्रह्मण्य अय्यर- स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता
- **1847** • एनी बेसेंट - प्रख्यात समाजसेवी, लेखिका और स्वतंत्रता सेनानी
- **1895** • लियाकत अली खाँ - पाकिस्तान के पहले प्रधानमांत्री
- **1901** • प्रताप सिंह कैरों- स्वतंत्रता सेनानी एवं पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री
- **1904** • ए. के. गोपालन - केरल के प्रसिद्ध कम्युमिस्ट नेता और भारत के स्वतंत्रता सेनानी



## 1 अक्टूबर को हुए निधन

- **2001** • सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी - उड़ीसा के जानमाने राजनीतिज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकार थे।
- **1979** • चन्दन सिंह गढ़वाली - भारत के क्रांतिकारी



## 1 अक्टूबर के महत्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव



अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस | राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस | अन्तरराष्ट्रीय कॉफ़ी दिवस





# TOB खेल कॉर्नर



## शूटिंग स्पोर्ट

### राइफल, पिस्टल, शॉटगन





शॉटगन का इस्तेमाल पक्षियों और छोटे जानवरों के शिकार के लिए होता था। इस हथियार को मूविंग टारगेट पर निशाना लगाने के लिए बनाया गया था। स्पोर्ट इवेंट में मिट्टी की बनी तश्तरी को मूविंग टारगेट के लिए इस्तेमाल किया जाता है। ये तश्तरी शूटिंग स्टेशन से रिलीज किए जाते हैं। इसपर शूटर निशाना लगाते हैं।

### शॉटगन की तीन कैटेगरी होती है



ट्रैप



डबल ट्रैप



स्कीट



**ट्रैप शूटिंग इवेंट में**
एक राउंड में एक मूविंग टारगेट पर निशाना लगाया जाता है



**डबल ट्रैप में**
एक राउंड में दो टारगेट पर निशाना।
दोनों टारगेट एक ही स्टेशन से रिलीज होते हैं



**स्कीट में भी**
एक राउंड में दो टारगेट होते हैं।
दोनों टारगेट अलग-अलग स्टेशन से रिलीज होते हैं।


1 अक्टूबर
अंतर्राष्ट्रीय
संगीत दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
"संगीत मन की भाषा है, जो बिना शब्दों के भी दिलों को जोड़ता है!"
लुडविग वान बीथोवेन
(प्रसिद्ध संगीतकार)
"संगीत हर आत्मा की एक सार्वभौमिक भाषा है!"
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
संगीत जीवन को सुंदर बनाता हैं
संगीत के लाभ
मानसिक तनाव कम करता है।
मन को प्रसन्न और शांत रखता है।
हृदय स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।
एकाग्रता और रचनात्मकता बढ़ाता है।
सामाजिक समरसता और एकता को बढ़ाता है।
संगीत से सुसंस्कृत समाज का निर्माण होता है।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
लोकगीतों की स्वर कोकिला
शारदा सिन्हा
जी की
जयंती
पर
शत शत नमन
1 अक्टूबर 1941 – 5 नवंबर 2024
अपनी मधुर आवाज, लोकगीतों और
भोजपुरी संगीत को नई ऊँचाई देने वाली
शारदा सिन्हा जी ने भारतीय संगीत जगत
को अमूल्य धरोहर दी।
उनके गीतों में लोक संस्कृति, परंपरा
और भावनाओं की अद्भुत मिठास थी,
जो आज भी करोड़ों दिलों में बस्ती है।
www .teachersofbihar.org
भारतीय संगीत जगत की
अमर स्वर कोकिला
शारदा सिन्हा जी को
भावभीनी श्रद्धांजलि।
Madhu priya



1 अक्टूबर
विश्व
शाकाहारी दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
शाकाहार अपनाएं, स्वस्थ जीवन पाएं !
अच्छा खाएं स्वस्थ रहें
“ शाकाहार केवल भोजन नहीं, यह करुणा, स्वास्थ्य और बेहतर भविष्य का संकल्प है !
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
शाकाहार के लाभ
हृदय को स्वस्थ रखता है
रोगों से बचाव करता है
वजन नियंत्रण में मदद करता है
पर्यावरण की रक्षा करता है
पशु-पक्षियों के जीवन की रक्षा करता है
हर दिन थोड़ा सा बदलाव
बड़ा बदलाव ला सकता है!
शाकाहारी भोजन अपनाएं । स्वस्थ रहें । पृथ्वी को हरा-भरा बनाएं
www .teachersofbihar.org
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
आज का
TOB
क्विज़...
भारत
सामान्य ज्ञान
(भारतीय राजव्यवस्था)
भारत में कुल कितने उच्च न्यायालय हैं?
A 21 उच्च न्यायालय
B 23 उच्च न्यायालय
C 25 उच्च न्यायालय
D 28 उच्च न्यायालय
CONSTITUTION OF INDIA
सही ज्ञान
सफलता की पहचान !
TOB
www.teacherofbihar.org
संजय कुमार
मध्य विद्यालय महलगांव, जोकीहाट


रक्तदान महादान
1 अक्टूबर
राष्ट्रीय स्वैच्छिक
रक्तदान दिवस
(भारत में)
एक बूंद रक्त कई जीवन रक्षाक
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
स्वैच्छिक रत्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है!
रक्तदान जीवनदान
किसी जरुरतमंद की जान बचाएं
अस्पतालों में रक्त की कमी दूर करें
समाज में करुणा और सद्भाव बढ़ाएं
स्वस्थ रहें, निरोगी रहें
आइए, रक्तदान करें, किसी के जीवन में उम्मीद जगाएं!
स्वस्थ समाज सभक्त भारत
रक्तदान जीवनदान
Madhu priya
www .teachersofbihar.org

# TEACHERS OF BIHAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



भारत के पूर्व राष्ट्रपति

## श्री रामनाथ कोविंद जी

के जन्मदिन पर

# हार्दिक शुभकामनाएं

01 अक्टूबर

" शिक्षा, समावेश और नैतिकता एक बेहतर समाज और सशक्त भारत की आधारशिला हैं।"

– रामनाथ कोविंद

भारत के पूर्व राष्ट्रपति

## श्री रामनाथ कोविंद

(जन्म : 01 अक्टूबर 1945)

शिक्षाविद्, विधिवेत्ता, समाजसेवी एवं देश के 14वें राष्ट्रपति

(2017–2022)

EDUCATION
UNITY
DEVELOPMENT
INDIA

राकेश कुमार | www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
महान समाजसेवी, लेखिका
और स्वतंत्रता सेनानी
एनी बेसेंट
जी की
जयती
पर
शत शत नमन
1 अक्टूबर, 1847 – 20 सितंबर, 1933
(जन्म: लंदन) (मृत्यु)
भारत की मिट्टी से गहरा लगाव
रखने वाली प्रख्यात समाजसेवी,
लेखिका और स्वतंत्रता सेनानी
एनी बेसेंट जी के अद्वम्य साहस,
विचारों और राष्ट्रप्रेम को
कोटि-कोटि नमन।
www .teachersofbihar.org
"भारत का पुनर्जागरण
शिक्षा, समाज और स्वतंत्रता
से ही संभव है!"
– एनी बेसेंट
EDUCATION
SOCIAL REFORM
INDIA
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारत के 14वें राष्ट्रपति
पूर्व राष्ट्रपति एवं विधिवेत्ता
श्री
राम नाथ कोविंद
जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएँ
1 अक्टूबर 1945
Madhu priya
www .teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar




उत्क्रमित मध्य विद्यालय पैठानपट्टी 2
मांझा, गोपालगंज

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुलीपाड़ा
मनिहारी, कटिहार

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



NPS खुटौना यादव टोला
पताही, पूर्वी चंपारण

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar




उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोनबरसा
बरौली, गोपालगंज

www.teachersofbihar.org

**MRITUNJAY KUMAR**